यौनिक प्रजनन स्वास्थ्य पर चुप्पी तोड़ो अभियान
(महिला स्वास्थ्य व अधिकार हेतु पुरुषों व लड़कों की भागीदारी)

AMPLIFYCHANGE



नसबंदी हो या अन्य गर्भ निरोधक साधनों के प्रयोग,आखिर परिवार नियोजन की सारी जिम्मेदारी महिलाओं पर ही क्यों ?




हम पुरुषों को परिवार नियोजन में अपनी भागीदारी निभानी होगी ,जिससे महिला का स्वास्थ्य भी सही रहेगा और परिवार भी सीमित!



गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की देखरेख की जिम्मेदारी किसकी ?



गर्भवती महिला का टीकाकरण,जाँच, पोषण व स्वास्थ्य देखरेख की भूमिका में हम सब पुरुष आगे आएंगे!

सरकारी अस्पताल, उपकेन्द्र, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के तहत मिलने वाली प्रजनन स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी और सहयोग कौन करेगा ?

सरकारी अस्पताल/ उपकेन्द्र / ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के तहत मिलने वाली प्रजनन स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी में हम सब पुरुष आगे आएंगे और सहयोग कर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करेंगे!

बच्चे की देखरेख, घरलू कार्य क्या महिला की ही जिम्मेदारी है ?

हम सब पुरुष साथी भी अपने बच्चे की देखरेख व घरलू कार्य में महिलाओं का सहयोग करेंगे ,जिससे महिला को भी आराम मिले और वह स्वस्थ्य रहे !

MTP-1971 कानून के तहत विभिन्न परिस्थितिओं में गर्भ समापन कराया जा सकता है तो फिर चोरी छुपे अप्रशिक्षित डाक्टर या मेडिकल स्टोर से दवाई या अपने हिसाब से इलाज करके महिला की जान खतरे में क्यों डालते है ?

विभिन्न परिस्थितिओं में MTP कानून के तहत सरकारी प्रशिक्षित डाक्टर से ही गर्भ समापन कराएँगे जिससे महिला का स्वास्थ्य भी सही रहेगा और खर्च भी बचेगा!

महिला के बीमार होने पर या माहवारी के दौरान महिला का सहयोग व देखरेख कौन करेगा ?

हम पुरुष साथी महिला के बीमार होने पर या माहवारी के दौरान उसके कामों में मदद करेंगे तथा उसकी दवाई व सेनेट्रीपैड का इंतजाम व स्वास्थ्य की देखरेख भी करेंगे !

अभियान के जिले -वाराणसी,जालौन, बाराबंकी ,सिद्दार्थनगर

यौनिक प्रजनन स्वास्थ्य पर चुप्पी तोड़ो अभियान
सहयोग, ए -240 इंदिरा नगर लखनऊ 226016 फोन -0522-2310747
E-mail-sahayog@sahayogindia.org

सीमित व निजी वितरण हेतु

साभार -गूगल ,व अन्य वेबसाइट